मौर्य साम्राज्य की स्थापना चंद्रगुप्त मौर्य ने की थी| वह भारत का प्रथम ऐतिहासिक सम्राट था| वह ऐसा पहला सम्राट था, जिसने वृहत्तर भारत पर अपना शासन स्थापित किया और जिसका विस्तार ब्रिटिश साम्राज्य से बड़ा था| उसके साम्राज्य की सिमा ईरान से मिलती थी| उसने ही भारत को सर्वप्रथम राजनीतिक रूप से एकबद्ध किया|

विशाखदत्त कृत मुद्राराक्षस में चंद्रगुप्त को नंदराज का पुत्र माना गया हैं| मुद्राराक्षस में चंद्रगुप्त को वृषल तथा कुलहीन भी कहा गया हैं| घुंडीराज ने मुद्राराक्षस पर टीका लिखी थी| मुद्राराक्षस के अतिरिक्त विशाखदत्त के नाम से दो अन्य रचनाओं का भी उल्लेख प्राप्त होता है-

देवीचंद्रगुप्त
अभिसारिका वंचितक या अभिसारिका बंधितक

क्षेमेंद्र कृत बृहतकथामंजरी तथा सोमदेव कृत कथासरित्सागर में चंद्रगुप्त के शूद्र उत्पत्ति के विषय में विवरण मिलता हैं|

चंद्रगुप्त मौर्य

बौद्ध ग्रंथ महाबोधिवंश के अनुसार, चंद्रगुप्त राजकुल से संबंधित था तथा वह मोरिय नगर में उत्पन्न हुआ था| हेमचंद्र के 'परिशिष्टपर्वन' में चंद्रगुप्त को मयूर पोषकों ग्राम के मुखिया के पुत्री का पुत्र बताया गया हैं| विलियम जोंस पहले विद्वान् थे, जिन्होंने सेंड्रोकोट्स की पहचान मौर्य शासन चंद्रगुप्त मौर्य से की| एरियन तथा प्लूटार्क ने चंद्रगुप्त मौर्य को एंड्रोकोट्स के रूप में वर्णित किया हैं| जस्टिन ने सैंड्रोकोट्स (चंद्रगुप्त मौर्य) और सिकंदर महान की भेंट का उल्लेख किया हैं|

चंद्रगुप्त मौर्य ने दक्षिण भारत की विजय प्राप्त की थी| जैन एवं तमिल साक्ष्य भी चंद्रगुप्त मौर्य की दक्षिण विजय की पुष्टि करते हैं| प्रारंभिक विजयों के फलस्वरूप चंद्रगुप्त का साम्राज्य व्यास नदी से लेकर सिंधु नदी तक के प्रदेश पर हो गया|

कौटिल्य

ऋषि चणक ने अपने पुत्र का रखा था| अर्थशास्त्र के लेखक के रूप में इसी पुस्तक में उल्लिखित कौटिल्य तथा एक padhh में उल्लिखित विष्णुगुप्त नाम की साम्यता चाणक्य से की जाती हैं| कौटिल्य (चाणक्य) द्वारा मौर्य काल में रचित अर्थशास्त्र, शासन के सिद्धांतों की पुस्तक हैं| इसमें राज्य के सप्तांग सिद्धांत - राजा, आमात्य, जनपद, दुर्ग, कोष, दंड एवं मित्र की व्याख्या हैं| कौटिल्य का अर्थशास्त्र ऐतिहासिक ग्रन्थ नहीं है अपितु राजनीति शास्त्र का एक अद्वितीय ग्रंथ हैं| इसकी तुलना मैक्यावेली के प्रिंस से की जाती हैं|

अशोक

अशोक के अभिलेखों में रज्जुक नामक अधिकारी का उल्लेख मिलता हैं| रज्जुकों की स्थिति आधुनिक जिलाधिकारी जैसी थी, जिसे राजस्व तथा न्याय दोनों क्षेत्रों में अधिकार प्राप्त थे| बौद्ध धर्म ग्रहण करने के उपरांत अशोक ने आखेट तथा विहार यात्राएं रोक दी तथा उनके स्थान पर धर्म यात्राएं प्रारंभ की| कालसी, गिरनार और मेरठ के अभिलेख ब्राह्मी लिपि में हैं|

अशोक 273 ई पू के लगभग मगध का राजा बना तथा लगभग 4 वर्ष बाद 269 ई पू में उसका राज्याभिषेक हुआ था| उसके अभिलेखों में सर्वत्र उसे देवनामपिय, देवनंपियदसि कहा गया हैं जिसका अर्थ है- देवताओं का प्रिय या देखने में सुंदर| पुराणों में उसे अशोकवर्द्धन कहा गया हैं|

अशोक का इतिहास मुख्यत: उसके अभिलेखों से ही ज्ञात होता हैं| उसके अभिलेखों का विभाजन 3 वर्गों में किया जा सकता हैं- 1) शिलालेख   2) स्तंभलेख   3) गुहालेख

शिलालेख 14 विभिन्न लेखों का एक समूह हैं, जो आठ भिन्न-भिन्न स्थानों से प्राप्त किए गए हैं| 1) शहबाजगढ़ी 2) मानसेहरा   3) कालसी   4) गिरनार   5) धौली   6) जौगढ़   7) एर्रागुडी   8) सोपारा

अशोक के अधिकांश अभिलेख प्राकृत भाषा एवं ब्राह्मी लिपि में लिखे गए हैं, केवल दो अभिलेखों शहबाजगढ़ी एवं मानसेहरा की लिपि ब्राह्मी न होकर खरोष्ठी हैं|

इसे भी पढ़े

मौर्य साम्राज्य mcq pdf UPSC Download(सभी परीक्षा में बार-बार पूछें जानें वाले प्रश्न)

मौर्य साम्राज्य PDF Download

यदि आप मौर्य साम्राज्य pdf Download   करना चाहते हैं, तथा परीक्षा से जुड़ी सभी जानकारियां प्राप्त करना चाहते हैं। तो आप हमारे द्वारा नीचे दिए गए लिंक के जरिए डाउनलोड कर सकते हैं।

मौर्य साम्राज्य Pdf Download

मौर्य साम्राज्य से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य
जिले के अधिकारी को अग्रोनोमोई कहा जाता था|
मौर्य काल में व्यापारिक काफिलों (कारवां) के मुखिया को सार्थवाह की संज्ञा दी गयी थी|
प्राचीन भारत में खरोष्ठी लिपि दाएं से बाएं लिखी जाती थी|
मेगस्थनीज, सेल्यूकस 'निकेटर' द्वारा चंद्रगुप्त मौर्य की राज्य सभा में भेजा गया यूनानी राजदूत था|
मेगस्थनीज भारतीय समाज में दास प्रथा के प्रचलित होने का उल्लेख नहीं करता हैं|
भाग एवं बलि प्राचीन भारत में राजस्व के स्त्रोत थे|
मौर्ययुगीन सभी स्तंभ चुनार के बलुआ पत्थरों से निर्मित हैं|
FAQ

Q.1 भारत में प्रथम साम्राज्य की स्थापना किस शासक के द्वारा की गयी थी?

A) चंद्रगुप्त मौर्य   B) अशोक

C) कनिष्क D) चंद्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य

Ans. A

Q.2 यूनानी लेखक जस्टिन द्वारा किसे सेंड्रोकोट्स कहा गया था?

A) चंद्रगुप्त मौर्य B) चंद्रगुप्त प्रथम

C) चंद्रगुप्त द्वितीय D) समुद्रगुप्त

Ans. A

Q.3 किसके शासनकाल में डिमेकस भारत आया था?

A) अशोक B) कनिष्क

C) अशोक D) बिंदुसार

Ans. D

Q.4 बुलंदीबाग प्राचीन स्थान था?

A) कपिलवस्तु B) पाटलिपुत्र

C) श्रावस्ती D) वाराणसी

Ans. B

Q.5 निम्नलिखित में से किस मौर्य राजा ने दक्कन की विजय प्राप्त की थी?

A) अशोक B) चंद्रगुप्त

C) बिंदुसार D) कुणाल

Ans. B

Also Read

Nayrahealthcare tips

मगध सम्राज्य MCQ Pdf Download[Magadh Empire Mcq UPSC]